इंडिया एनर्जी वीक 2025

स्रोत: पी.आई.बी

इंडिया एनर्जी वीक 2025 में, भारत ने **ऊर्जा सुरक्षा बढ़ाने, आपूर्ति स्रोतों में विविधता लाने** के उद्देश्य से कई रणनीतिक समझौतों और समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किये।

- **इंडिया एनर्जी वीक: इंडिया एनर्जी वीक 2025, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय** के संरक्षण में और **भारतीय पेट्रोलियम उद्योग महासंघ (FIPI)** द्वारा संयुक्त रूप से **नई दिल्ली** में आयोजित किया गया, इसमें वैश्विक ऊर्जा क्षेत्र के 700 से अधिक प्रदर्शक शामिल हुए।
  - इस कार्यक्रम में **ऊर्जा पहुँच, सुरक्षा, स्थिरता** और **डीकार्बोनाइजेशन** प्रयासों पर ज़ोर दिया गया।
  - FIP हाइड्रोकार्बन क्षेत्र की संस्थाओं की एक शीर्ष सोसायटी है और यह सरकार के साथ उद्योग इंटरफेस के रूप में कार्य करती है।
- **प्रमुख समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर:** भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (BPCL) ने **6 मिलियन बैरल कच्चे तेल** के आयात के लिये पेट्रोब्रास (ब्राज़ील) के साथ साझेदारी की, जिससे भारत के तेल आयात में विविधता आएगी।
  - **BPCL और इको वेव पावर (इज़राइल) मुंबई में भारत का पहला वेव एनर्जी पायलट** स्थापित करेंगे।
  - प्राकृतिक गैस आधारित अर्थव्यवस्था में भारत के परिवर्तन को मज़बूत करने के लिये, **इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (IOCL)** और **ADNOC (UAE)** ने वर्ष 2026 से शुरू होकर 14 वर्षों की अवधि के लिये 1.2 मिलियन मीट्रिक टन प्रति वर्ष (MMTPA) तरलीकृत प्राकृतिक गैस (LNG) के लिये 7 बिलियन अमरीकी डॉलर के अनुबंध पर हस्ताक्षर किये।

और पढ़ें: भारत में नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता का दोहन

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/india-energy-week-2025